हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 7 मई 2024

11 लोस चुनावः अधिकारी खुद को पूरी तरह से रखें अपडेट



12 एक मई से सरसों की सरकारी खरीद बंद, फिर भी सरसों से अंटी पड़ी अनाज मंडी



# भिवानी-महेंद्रगढ़ लोस सीटः 23 उम्मीदवारों ने भरे 30 नामांकन, छंटनी आज, 9 तक ले सकेंगे वापस

## सोमवार को अंतिम दिन 10 उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन, नो यूअर कैंडिडेट एप से पता की जा सकती है उम्मीदवारों की पूरी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए नामांकन के आखिरी दिन सोमवार को 10 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया। लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए अब तक कुल 30 नामांकन दाखिल हो चुके हैं।

आखिरी दिन सोमवार संध्या सिंह ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के कवरिंग कैंडिडेट के तौर पर पर्चा भरा। इसके अलावा बलवान ने पीपुलस पार्टी ऑफ इंडिया पार्टी के तथा संजय ने बहुजन समाज पार्टी के कवरिंग कैंडिडेट के तौर पर, भारत भूषण ने भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से, जयसिंह ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर, इंजीनियर महावीर सिंह यादव ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर, सीमा ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर, लाल चंद ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर, जगदीश ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर, पुस्करराज गुप्ता ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर अपना नामांकन दाखिल किया।

### आज होगी नामांकन की जांच

नामांकन की छंटनी का काम सात मई को सुबह 11 बजे होगा। नाम वापसी के लिए नौ मई 2024 को दोपहर बाद तीन बजे से पहले डिप्टी कमिश्नर कोर्ट कमरा नंबर 114 प्रथम तल लघु सचिवालय नारनौल में आकर सूचना देनी होगी। इसके तुरंत बाद चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। मतदान आगामी 25 मई को सुबह सात से शाम छह बजे तक होगा। 9 मई को नामांकन वापस के बाद ही चुनाव मैदान में रहने वाले उम्मीदवारों की संख्या स्पष्ट हो पाएगी। भिवानी-महेंदगढ़ सीट पर मुख्य मुकाबला भाजपा के धर्मबीर सिंह, जजपा के राव बहादुर व कांग्रेस के राव दानसिंह के बीच ही माना जा रहा है।



नारनौल। लघुसचिवालय भवन, फाइल फोटो।

### नांगल चौधरी में चुनावी गतिविधियों की रिपोर्ट शून्य

लोकसभा चुनाव का प्रचार-प्रसार हर उम्मीदवार कर रहा है। राजनीति पार्टियों ने तो चुनावी कार्यालय तक खोले है। गांव दर गांव जाकर उम्मीदवार जनता से वोट खुद के पक्ष में देने का आग्रह कर रहे है। इन्हीं चुनावी सभाओं और चुनावी कार्यालय की रिपोर्ट के लिए चुनाव कार्यालय से ड्यूटी लगाई हुई है। सूत्र बताते है कि नांगल चौधरी विधानसभा की रिपोर्ट चुनाव कार्यालय की ओर से बनाई गई कमेटी के पास पहुंच ही नहीं रही। इस कारण मजबूरन कमेटी को रिपोर्ट में शून्य लिखकर आगे भेजनी पड़ रही है जबकि धरातल पर उम्मीदवारों का प्रचार प्रसार जोरों पर है। अगर जांच की जाए तो यह स्थिति अन्य विधानसभा क्षेत्र में भी मिल सकती है।

### इन्होंने किया नामांकन

अब तक कुल 23 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया है। इनके अलावा रोहताश ने सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) से, वेदप्रकाश ने निर्दलीय, युगबीर सिंह ने निर्दलीय, राव बहादुरसिंह ने जेजेपी, जेजेपी के कवरिंग कैंडिडेट के तौर पर कर्णसिंह, वर्षा ने बहुजन मुक्ति पार्टी से, हिम्मत ने निर्दलीय, आनंद कुमार ने भारतीय जवान किसान पार्टी से, राव दानसिंह ने कांग्रेस से, सुभाष ने राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी से, सुनील शर्मा ने बहुजन समाज पार्टी से, धर्मबीरसिंह ने बीजेपी से और बीजेपी के कवरिंग कैंडिडेट के तौर पर मोहित चौधरी से नामांकन कर चुके है। उन्होंने बताया कि नामांकन दाखिल करते ही एनआइसी की टीम सारे कागजात को एनकोर साफ्टवेयर के माध्यम से अपलोड कर रही है। इसके बाद कोई भी नागरिक नो यूअर कैंडिडेट एप डाउनलोड करके अपने उम्मीदवार के बारे में सारी जानकारी देख सकता है।

## खबर संक्षेप

### बौचड़िया में कल लगेगा बाबा बुधनाथ का भंडारा

**मंडी अटेली।** क्षेत्र के गांव बौचड़िया में बाबा बुधनाथ जी का वार्षिक भंडारा आठ मई बुधवार को लगाया जाएगा। कमेटी सदस्य अमीलाल व राजवीर ने बताया कि देसी घी का भंडारा प्रात 10 बजे से शुरू हो जाएगा। भंडारे में बाबा के भजनों का गुणगान कर्मपाल शर्मा एवं मंजू शर्मा अपने सुंदर गीतों के साथ करेंगे। बाबा के स्थान पर श्रद्धालु अपनी मनोकामना के लिए मंदिर में पूर्जा अर्चना करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ड्यूटी लगाई गईं हैं तथा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं

### भूमि का चकोता पर छोड़ने का काम 31 को

**महेंद्रगढ़।** गांव ढाढोत की नजूल भूमि को वर्ष 2024-25 के लिए चकोता पर छोडने का कार्य 31 मई को किया जाएगा। तहसीलदार मदनलाल शर्मा ने बताया कि गांव ढाढोत की नजूल भूमि तादादी 13 कनाल तीन मरला को 31 मई को चकोता पर वर्ष 2024-25 के लिए बोली पर उठाई जानी है। बोली की रिजर्व कीमत निर्धारित करके बोली लगाई जाएगी। इस कार्य को संपन्न करने के लिए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सतनाली की ड्यूटी लगाई गई है। 31 मई से पूर्व गांव ढाढोत में मुनादी करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि 31 मई को बोली के समय हल्का गिरदावर व पटवारी जमीन रिकार्ड के साथ मौके पर मौजूद रहेंगे।

### 18 वर्षीय युवक अचानक लापता, केस दर्ज

**महेंद्रगढ़।** गांव खैरोली निवासी 18 वर्षीय युवक घर से अचानक लापता हो गया है। युवक के दादा ने थाने में शिकायत देकर उसकी तलाश करने की मांग की है। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्जकर जांच में जुटी हुई है। हजारीलाल ने पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह गांव खैरोली का निवासी है। बीती चार मई को दिन के 12.30 बजे उसका 18 वर्षीय पोता भूपेंद्र सिंह बिना बताए घर से चला गया। उन्होंने आसपास के गांवों व रिश्तेदारी में तलाश किया, लेकिन आज तक घर पर वापस नहीं आया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## आज सुबह तक नपा अधिकारियों को देना होगा लंबित रिकॉर्ड

# खाली हाथ लौटी सैंपल लेने गई विजिलेंस नोटिस देने पर नहीं पहुंचे नपा अधिकारी

एसडीएम कार्यकाल के दौरान वर्ष 2022 में शहर में हुए विकास कार्य पर चल रही जांच, टेंडर में लगे हैं अनियमितता के आरोप, मई 2023 का रिकार्ड पहले ही कब्जे में ले चुकी है विजिलेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

विजिलेंस की टीम की ओर से नगर पालिका के अधिकारियों को पहले सूचना देने के बाद भी मौके पर नहीं पहुंचे। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में दिनभर विजिलेंस की टीम के अधिकारियों नगर पालिका के अधिकारियों का इंतजार करते रहें। विजिलेंस की टीम ने मंगलवार की सुबह विकास कार्यो से संबंधित रिकार्ड देने के आदेश जारी किए हैं। वहीं सैंपलिंग की नई तिथि जल्द ही निर्धारित की जाएगी।

पिछली नगर पालिका का कार्यकाल भंग होने के बाद एसडीएम दिनेश कुमार के हाथों में नगर पालिका की कमान थी। एसडीएम के कार्यकाल के दौरान शहर में विकास कार्यों की झड़ी लग गई थी, लेकिन इसी के साथ ही शहर के लोग विकास कार्यों में अनियमितता का आरोप लगाकर इसका विरोध कर रहे थे। एसडीएम के कार्यकाल के दौरान हुए विकास कार्यों की विजिलेंस की टीम को शिकायत दी गई थी, जिसके बाद विजिलेंस की टीम मई 2023 में जांच के लिए एसई दीपक गोयल के नेतृत्व में महेंद्रगढ़ पहुंची थी। इस दौरान एसीबी की टीम ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में पहले नपा अधिकारियों से मामले से संबंधित दस्तावेज लिए गए थे। इसके बाद में शिकायतकर्ताओं से मुलाकात कर उन्हें अपना पक्ष रखने का मौका दिया था। नगर पालिका की ओर से विजिलेंस की टीम को संबंधित रिकॉर्ड सौंप दिया गया था। सोमवार को विजिलेंस के कार्यकारी अभियंता जय वर्मा व निरीक्षक ईश्वर अपनी टीम के साथ विकास कार्यों के सैंपल लेने के लिए महेंद्रगढ़ पहुंची, नपा अधिकारियों के नहीं आने से सैंपल नहीं लिए जा सके।



महेंद्रगढ़। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जांच करते विजिलेंस अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### अधिकारी नहीं हैं गंभीर

नपा की पूर्व प्रधान रीना बंटी के पति एडवोकेट सुरेंद्र बंटी का कहना है कि विजिलेंस की टीम की ओर से नगर पालिका के अधिकारियों को पहले से सूचना दी गई थी, लेकिन अधिकारी समय पर नहीं पहुंचे। नगर पालिका के अधिकारियों की ओर से सैंपलिंग कराने की कोई व्यवस्था नहीं गई। उनका कहना है कि टेंडर छोड़ने में सोसायटियों की अनदेखी की गई। वहीं शहर में जो विकास कार्य हुए उनमें घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया हैं। उनका कहना है कि 50 लाख से नीचे के विकास कार्य सोसायटियों को अलॉट होने थे, लेकिन नपा के अधिकारियों ने एसडीएम के साथ मिलकर सभी कार्य अपने चेहते ठेकेदार को अॅलाट कर दिए। सुरेंद्र बंटी ने अपनी शिकायत में कहा है कि पांच व तीन करोड़ के हुए टेंडरों में नपा को करीब 33 फीसदी का नुकसान हुआ है।

### 10 विकास कार्यों की होनी थी सैंपलिंग

नगर पालिका के पिछले कार्यकाल के दौरान नगर पालिका की प्रधान रीना बंटी थी। उनके निष्कासन के बाद नपा की बागडोर उपप्रधान रमेश बोहरा के हाथ में रही। इसके बाद नगरपालिका का कार्यकाल पूरा होने के बाद तत्कालीन एसडीएम की देखरेख में नगर पालिका प्रशासन का काम चला। बताया जा रहा है कि नगर पालिका के उपप्रधान रहे रमेश बोहरा व तत्कालीन एसडीएम दिनेश कुमार के कार्यकाल के दौरान शहर में कुछ विकास कार्य हुए। इस विकास कार्यों के लिए हुए टेंडरों व बाद में हुए काम में भारी अनियमितता बरती गई। इन मामलों को लेकर कुछ ठेकेदारों व नगर पालिका की पूर्व प्रधान रही रीना बंटी के पति एडवाकेट सुरेंद्र उर्फ बंटी व कई ठेकेदार ने शिकायत की थी। उनकी शिकायत पर लंबे समय से जांच चल रही है, लेकिन अब यह जांच एंटी क्रप्शन ब्यूरो पंचकूला को सौंपी गई है। इसके बाद स्टेट विजिलेंस पंचकूला टीम महेंद्रगढ़ पहुंचकर पूरे मामले की जांच के लिए महेंद्रगढ़ पहुंची थी। शिकायतकर्ताओं की शिकायत पर माजरा फाटक से अनाजमंडी तक सीमेंट व आसीसी सड़क निर्माण, अनाजमंडी गेट से एसडीएम आवास, सतनाली चौक से मुस्दीलाल धर्मशाला, बीडीपीओ कार्यालय से पुरानी तहसील, अग्रसेन शॉपिंग काम्पलैक्स, मोहल्ला महायचान से डॉ. चरण सिंह के मकान, बालाजी चौक से वेंकटेश्वर मंदिर, बालाजी चौक से सीएसडी कैंटीन, मसानी चौक से पुराना महिला कॉलेज, कोटक महेंद्रा बैंक से रेलवे स्टेशन तक की सड़क की सैंपलिंग होनी थी।

- तत्कालीन नपा उपप्रधान रमेश बोहरा व अन्य ने लगाए थे टेंडर देने में अनियमितता के आरोप

### एक मई को जारी किया था पत्र

विजिलेंस की टीम की ओर से एक मई को नगर पालिका के अधिकारियों को पत्र जारी करके सोमवार सैंपलिंग कराने के आदेश जारी किए थे। विजिलैंस की टीम समय पर महेंद्रगढ़ पहुंच गई थी। जबकि पहले सैंपलिंग की सूचना मिलने के बाद नगर पालिका सचिव अवकाश पर चले गए। वहीं एमई भी किसी कारणवंश मौके पर नहीं पहुंचे। करीब 11.30 बजे जेई मनोज कुमार विजिलेंस के समक्ष उपस्थित हुए तथा सैंपलिंग में सहयोग देने का आश्वासन दिया। टीम के बाद जेई ने सैंपलिंग कराने की व्यवस्था भी शुरू कर दी थी, लेकिन बाद में अधिकारियों के नहीं पहुंचने के कारण विजिलेंस की टीम को सैंपलिंग करने का निर्णय बदलकर नए सिरे से निर्धारित करना पड़ा।



### राजकीय स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम बाल विवाह रोकने को कर रहे प्रेरित

**नारनौल।** बाल विवाह न करने के बारे में जागरूक करने के लिए संरक्षण अधिकारी एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी सरीता शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को गांव दौंगड़ा अहीर, बेवल व सुंदरह राजकीय स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरीता शर्मा ने अध्यापकों व विद्यार्थियों से आह्वान किया कि बाल विवाह जैसी बुराई को जड़ से खत्म करने में अपना सहयोग दें। उन्होंने कहा कि कानून 18 वर्ष से कम आयु की लड़की व 21 वर्ष से कम आयु के लड़के को नाबालिग माना जाता है। यदि कम आयु में विवाह किया जाता है, तो यह संज्ञेय और गैर जमानती अपराध है। ऐसा कोई भी व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, उसको बढ़ावा देता है या उसकी सहायता करता है, तो दो साल तक की सजा व एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। साथ ही समस्त जनसाधारण एवं स्थानीय सभी क्षेत्रों, गांवों के मौजिज व्यक्तियों, सरपंचों, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी वर्कर, टैंट हाउस, विवाह समारोह स्थल, नगर पार्षदों व समाज सेवियों से अपील की कि आने वाली 10 मई अक्षय तृतीया (अक्खा तीज) के दिन आयोजित होने वाले बाल विवाह को रोकने में मदद करें। आमजन बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, पुलिस हेल्पलाइन 112, मैजिस्ट्रेट या चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 पर संपर्क कर सूचना दें सकते हैं।

- लड़के की उम्र 21 व लड़की की 18 से कम नहीं होनी चाहिए।

### दो किसानों के खेतों से केबल चोरी

**महेंद्रगढ़।** गांव डेरोली अहीर में दो किसानों के कुएं से चोर केबल चोरी करके ले गए हैं। पीड़ित किसान ने सदर पुलिस थाने में शिकायत देकर केबल बरामद करने की मांग की हैं। पुलिस ने किसान की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। सुरेश कुमार ने बताया कि बीते दिनों रात्रि को कुएं से अज्ञात चोर केबल तीन कोर कोपर 50 एमएम चोरी हो गई। इसके अलावा पड़ोसी नरेंद्र के खेत से 400 फीट केबल व कोपर तीन कोर चोरी हो गई। उन्होंने अपने स्तर पर चोरों को तलाशने का प्रयास किया, परंतु सफलता नहीं मिली।

## पत्नी की मौत के बाद से लापता था झुंझुनू का श्यामसुंदर

# मौत से मिली 14 साल से खोई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला से सटी राजस्थान सीमा के झुंझुनूं जिला के गांव से व्यक्ति 14 साल से लापता था। घर में पत्नी की मृत्यु पहले ही हो चुकी है। दो बच्चे है। अब नारनौल में सड़क हादसे में घायल होने के बाद उसे रोहतक पीजीआईएमएस लेकर गए तो वहां उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस जांच में पता चला तो परिजनों को अवगत करवाया। मृतक के भाई की शिकायत पर नामजद चालक व अज्ञात बाइक के खिलाफ आईपीसी की धारा 279,304-ए के तहत केस दर्ज किया है।

राजस्थान में झुंझुनूं के गांव भडौदा खुर्द वासी जयप्रकाश ने शिकायत में बताया है कि वह पांच भाई है। छोटा भाई अशोक है। उससे छोटा श्यामसुंदर था। जिसकी उम्र करीब 45 साल थी। उसकी पत्नी अनीता की मृत्यु 14 साल पहले हो चुकी थी।

### दो बच्चों का पिता था श्यामसुंदर सड़क हादसे में हुआ था घायल

उसके दो बच्चे सूरज व शिल्पा है। उसके बाद से ही श्याम सुंदर घर से लापता था। जो कल हमें पीजीआईएमएस रोहतक से बगड़ थाना में सूचना आई कि श्याम सुंदर का एक बाइक से नारनौल में एक्सीडेंट होने पर चार मई को नागरिक अस्पताल से रेफर किया था। उसे नारनौल से पीजीआईएमएस रोहतक इलाज के लिए दाखिल किया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

शिकायतकर्ता ने बताया है कि भाई श्याम सुंदर को एक्सीडेंट करने वाला पवन कुमार वासी सिंघाना रोड नारनौल था। जिसकी सीडी डिलक्स बाइक का नंबर नहीं है। इसी एक्सीडेंट के कारण ही भाई श्यामसुंदर की मौत हुई है। चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

# ग्वार और नरमा उत्पादन बढ़ाने की जानकारी

**महेंद्रगढ़।** कृषि विज्ञान केंद्र तथा हिंदुस्तान गम एंड केमिकल्स भिवानी के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को गांव पालड़ी पनिहार कृषि शिविर लगाया गया। शिविर में विभिन्न खरीफ फसलों विशेषकर गवार व नरमा का उत्पादन बढ़ाने के लिए विस्तृत वैज्ञानिक जानकारी दी गई।





वरिष्ठ संयोजक डॉ. रमेश कुमार यादव ने किसानों से आग्रह किया कि अच्छे उत्पादन के लिए उन्नत किस्म संतुलित उर्वरकों तथा सामूहिक खरपतवार नियंत्रण के उपाय अवश्य करें, इसके अतिरिक्त उन्होंने भूमि की उर्वरक शक्ति बढ़ाने के लिए फलीदार फसलों विशेषकर ग्वार की फसल का फसलचक्र में अवश्य समावेश करें। केंद्र के प्रधान किट विषय विशेषज्ञ डॉ. जयलाल यादव ने कपास फसल के प्रमुख कीटों की पहचान व उनकी रोकथाम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कपास उत्पादन को गुलाबी सुंडी काफी प्रभावित कर रही है, जिसकी रोकथाम के लिए किसानों का बिजाई के समय से ही आवश्यक कदम उठाने होंगे। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार से सेवानिवृत डॉ. आरके सैनी ने किसानों से आग्रह किया कि वह ग्वार के उखेड़ा रोग की रोकथाम के लिए कार्बनडाजिम द्वारा बीज को उपचारित करके बोए। शिविर में इस दवा के सैंपल भी किसानों में मुफ्त बांटे गए। शिविर में अनेक प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया।

# मतगणना केंद्र और स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

- एसपी ने अधिकारियों को स्टॉंग रूम में बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर व शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार सक्रिय है। पुलिस अधिकारियों की ओर से मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने मतगणना स्थल व ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। एसपी ने स्ट्रांग रूम में किसी भी बाहरी व अनाधिकृत व्यक्ति के आवागमन को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरों व सुरक्षा गार्द का निरीक्षण किया तथा सुरक्षा को लेकर सख्त निर्देश दिए।



नारनौल। मतगणना स्थल का निरीक्षण करते एसपी अर्श वर्मा। फोटो : हरिभूमि

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम में ईवीएम के रख-रखाव की व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम रखने के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम व उसके अंदर ईवीएम के रखने को चिह्नित किए गए स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ी समस्त तैयारियां समय से पूर्व पूर्ण करना सुनिश्चित करें। सुरक्षा के सभी प्वाइंटों का निरीक्षण करने के बाद पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा में किसी तरह की चूक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल की सुरक्षा में किसी तरह की चूक नहीं होनी चाहिए।

## अंत्योदय सरल केंद्रों पर सुविधा केंद्र से ले सकते हैं फार्म-12 डी

# अधिकारी-कर्मचारी बैलेट पेपर से डाल सकेंगे वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार आवश्यक सेवाओं वाले विभागों के अधिकारी व कर्मचारी आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए अपना मत बैलट पेपर के जरिए भी डाल सकते हैं। इसके लिए सभी विभागों के नोडल अधिकारी अंत्योदय सरल केंद्र पर स्थापित किए गए सुविधा केंद्र से फॉर्म नंबर 12-डी ले सकते हैं तथा यहीं पर जमा करवा सकते हैं।

इस बारे में भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि डाक मतपत्र सुविधा के लिए सभी कार्यालयों से एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। डाक मतपत्र (फॉर्म 12-डी) इस कार्यालय की ओर से सीधा स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके लिए सुविधा केंद्र बनाया गया है। नोडल अधिकारी अपने कर्मचारियों का (अर्थात आवश्यक सेवा पर कार्यरत मतदाता) डाक मतपत्र के लिए केवल अपने विभाग के नोडल अधिकारी के माध्यम से ही आवेदन करवाएं। भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने डाक मतपत्र के लिए अंत्योदय सरल केंद्र में सेंटर बनाया गया। डाक मतपत्र के लिए फॉर्म भी ले सकते हैं व नोडल अधिकारी भरने के बाद यहां फॉर्म जमा करवा सकते हैं।



- आवश्यक सेवाओं के विभागों में काम करने वालों के लिए सुविधा

### डाक मत के लिए योग्य विभाग

भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि डाक मत पत्र के लिए मेट्रो विभाग, रेलवे विभाग, मतदान के दिन कवरेज के लिए आयोग की मंजूरी प्राप्त मीडियाकर्मी, बिजली, बीएसएनएल, डाक, दूरदर्शन, ऑल इंडिया रेडियो, स्टेट दुग्ध कोऑपरेटिव सोसाइटीज, स्वास्थ्य, भारतीय खाद्य निगम, विमानन, रोड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन, फायर सर्विस, ट्रैफिक पुलिस, एंबुलेंस सर्विस, फायर फोर्स जेल, आबकारी, जल प्राधिकरण, ट्रेजरी, वन विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, पुलिस, नागरिक सुरक्षा व होमगार्ड, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, प्रेस सूचना ब्यूरो व पीडब्ल्यूडी विभाग शामिल हैं।

### तीन से चार बजे तक दे सकते हैं चुनावों से संबंधित शिकायत और सुझाव

**नारनौल।** लोकसभा आम चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से भिवानी-महेंद्रगढ़-08 लोकसभा क्षेत्र के लिए आर गजलक्ष्मी को सामान्य पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। कोई भी नागरिक चुनाव से संबंधित शिकायत व सुझाव के संबंध में रोजाना शाम तीन से चार बजे के बीच सामान्य पर्यवेक्षक से मुलाकात सकते हैं। वर्ष 2009 बैच की आईएएस आर गजलक्ष्मी तमिलनाडु कैडर से हैं। चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत व सुझाव के लिए कोई भी नागरिक बीएंडआर विभाग के रेस्ट हाउस के कमरा नंबर तीन में रोजाना दोपहर तीन से चार बजे के बीच मुलाकात कर सकता है। इसके अलावा उनके मोबाइल नंबर 9253481565 पर संपर्क कर सकते हैं अथवा व्हाट्सएप भी कर सकते हैं। भिवानी-महेंद्रगढ़-08 लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित शिकायत इनके समक्ष रखी जा सकती हैं।



मातृ दिवस, 12 मई
विशेष

हरिभूमि
# सहेली
रोहतक,मंगलवार
7 मई 2024

मां मनुष्य के होंठों पर सबसे सुंदर शब्द है।
-खलील जिब्रान



अनुभूति

## जीवन की डगर पर मां की सीखें



बच्चों की प्रथम पाठशाला परिवार को माना जाता है। इस पाठशाला की प्रथम अध्यापिका मां होती है, जिसकी देख-रेख में बच्चे जीवन की वो सीखें लेते हैं, जो जीवन को सही ढंग से जीने के लिए जरूरी हैं। यहां अपने-अपने क्षेत्र की तीन हस्तियां सहेली को बता रही हैं, इन्होंने अपनी मां से कौन-सी ऐसी बातें सीखीं, जो जीवन के लिए जरूरी सबक हैं।

### काम के साथ घर का ख्याल रखना मां से सीखा

अपरा मेहता, अभिनेत्री



**मेरी मां** मंदाकिनी मेहता सुशिक्षित और आधुनिक विचारों वाली महिला थीं। मैं उनकी इकलौती संतान हूं, फिर भी उन्होंने मुझे बहुत ही अनुशासन में रखा। अधिक लाड़-प्यार देकर उन्होंने मुझे बिगड़ने नहीं दिया। मेरी मां पढ़ाई के साथ स्कूल की हर एक्टिविटी में हमेशा मुझे सबसे आगे रखती थीं। मां खुद भी थिएटर ऑर्टिस्ट थीं, लेकिन शादी के बाद जब मेरी बेटी का जन्म हुआ तो उसकी देखभाल के लिए उन्होंने अपना काम छोड़ दिया, क्योंकि अभिनय के क्षेत्र में वह मुझे आगे बढ़ते देखना चाहती थीं। मेरे करियर के लिए उन्होंने अपना करियर दांव पर लगा दिया। बचपन में जब मां मेरे साथ सख्ती भरा व्यवहार करती थीं, मुझे बहुत बुरा लगता था, लेकिन अब समझ में आता है कि आज मैं जो कुछ भी हूं, वह उनके कारण ही हूं। बचपन में मैं क्लास में हमेशा फर्स्ट आती थी, वह मेरी तारीफ नहीं करती थीं। उनका कहना था कि अपने बच्चे की प्रशंसा तो सभी करते हैं, असली उपलब्धि तो तब है, जब दूसरे लोग हमारे बच्चे की तारीफ करें। मेरी मां ने मेरी परवरिश इस तरह से की कि मैं एक नेक इंसान बनूं। जब मेरे पिता जी का निधन हो गया तो उसके बाद मैंने उन्हें हमेशा के लिए अपने पास बुला लिया ताकि मैं उनकी अच्छी तरह देखभाल कर सकूं। मेरी बेटी खुशाली को भी उन्होंने बहुत अच्छे संस्कार दिए हैं। मेरी मां बहुत अच्छी होममेकर थीं, घर को बहुत सजा-संवार कर रखती थीं। काम के साथ घर का ख्याल रखना मैंने उनसे ही सीखा है। मुझे याद है, जब भी मैं अनावश्यक शॉपिंग करती तो वो मुझे बहुत डांटती थीं। मुझे हमेशा सोच-समझकर खर्च करने के लिए प्रेरित करती थीं। दो साल पहले 91 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। मदर्स-डे के अवसर पर मैं उन्हें याद करते हुए यही कहना चाहूंगी कि अपनी बेटी के लिए मैं भी वैसी ही मां बनने की कोशिश कर रही हूं, जैसी वह एक आदर्श मां थीं।

बच्चों के लिए मां सिर्फ एक शब्द नहीं, उनका अनोखा-प्यारा संसार है। मां की अंगुली पकड़कर बच्चे चलना-बोलना और जीवन जीने की कला सीखते हैं। मां अनुभूतियों का ऐसा समंदर है, जिसकी गहराई में बच्चे मानवीय मूल्यों से जुड़ते हैं, रिश्ते निभाना सीखते हैं। मां का ममत्व वो शीतल छांव है, जिसके तले आकर बच्चे तपते सूरज की तपिश भूल जाते हैं। मां के बिना जीवन अधूरा है। मां है तो जीवन रोशन है। मां की महिमा अपरंपार है।

आवरण कथा / डॉ. मोनिका शर्मा

## मां अनुभूतियों में रचा-बसा रिश्ता

हर बच्चे के लिए स्नेह और सुकून की प्यारी छांव-सी होती है- मां। बच्चे के दुनिया में आने से पहले उसका मां से जुड़ जाने वाला रिश्ता सचमुच अनमोल होता है। मानवीय जीवन को पालने-पोसने की इस यात्रा में एक मां अपने बच्चे के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर देती है। यह रिश्ता मन की अनुभूतियों की बुनियाद पर टिका होता है। जीवन के हर पड़ाव पर मां का भरोसा बच्चों को थामे रखता है। जीवन मूल्यों को सीखने-सिखाने का यह सफर मन के बंधन का सबसे सुंदर रिश्ता है। दायित्व निर्वहन से जुड़ी मेहनत हो या भावनाओं को समझने का मामला, मां स्वयं एक उदाहरण बनकर बच्चों को जीवन के हर पहलू से जुड़ी सीख देती है।

### ममत्व के साथ जीवन की सीखें

मां के मन में रचा-बसा ममता का भाव, बच्चों का जीवन संवारता है। हर पीढ़ी के लिए ही मां से मिलने वाली शिक्षा का कोई दूसरा पर्याय नहीं है। ममत्व की नमी के साथ अनुभवों को वास्तविकता का रंग देकर मां अपने बच्चों को भविष्य में हर परिस्थिति से जूझने के लिए तैयार करती है। मातृत्व का भाव ही ऐसा है कि बच्चों की कमजोरियों को दुनिया से छुपाने वाली मां स्वयं बिन बताए उनकी हर कमजोरी को समझ जाती है। इसी समझ के बल पर बच्चों को भी स्नेह भरी समझाइश के साथ उनकी हर कमी से उनको बाहर निकाल लाती है। बच्चों के मन को जीवन के हर पड़ाव पर मजबूती देने का काम मां से बेहतर कोई नहीं कर सकता। मां ही बच्चों को अपने परिवार, परिवेश से जुड़ना सिखाती है। कामयाबी की राह पर बढ़ने का बल देती है। मां,



तकलीफों से जूझना भी सिखाती है और सुकूनदायी लम्हो को जी भरकर जीना भी। परेशानियों के दौर में संभलने और आनंद के समय मुस्कुराने का पाठ तो मां बच्चे को दुनिया में आने से पहले ही सिखाने लगती है। मातृत्व की जिम्मेदारी से जुड़ा ममत्व का भाव बच्चों को मानवीय पीड़ा समझने का भी पाठ पढ़ाता है। तभी तो हर पीढ़ी के लिए ही मां से मिली हर सीख आज भी समाज और परिवार को बांधने-साधने का माध्यम बनी हुई है।

### नेह की नमी का पोषण

मां के नेह की नमी बच्चों के जीवन की जड़ों को सींचती है। बात केवल शारीरिक-मानसिक देखभाल की नहीं, मां का साथ मनोभावों के मोर्चे पर भी बालमन को थामने का काम करता है। उम्र भर मां का यही स्नेह जीवन की जद्दोजहद में आत्मबल जुटा लेने का हौसला देता है। उलझे हालातों की कड़ी धूप में मां के स्नेह का भाव शीतल छाया के समान लगता है। जीवन के कठिन से कठिन दौर में भी अपने बच्चों का साथ ना छोड़ने वाली मां का मन बदलते समय के साथ भी नहीं बदला है। तकनीक की दस्तक और काम-काजी भाग-दौड़ के बावजूद बच्चों पर स्नेह लुटाने की उसकी सोच आज भी कायम है। हमारे सामाजिक परिवेश में तो अपने हर सपने को छोड़ बच्चों का जीवन संवारने के लिए जिंदगी दांव पर लगा देने वाली मांएं भी कम नहीं हैं। उम्र के आखिरी पड़ाव तक भी मां का मन खुद माता-पिता बन चुके अपने बच्चों के लिए चिंतित रहता है। उसके प्यारे रिश्ते के नेह की नमी कभी नहीं सूखती।

### अनुभूतियों का पुल

मां और बच्चों को अनुभूतियों का एक साझा पुल जोड़कर रखता है। तभी तो मां बच्चों की चुप्पी को ही नहीं, आक्रोश को भी समझ जाती है। प्रेम-स्नेह को ही नहीं, शिकायतों को भी मन से स्वीकारती है। मार्क ट्वेन ने कहा है, 'मां के बिना जीवन अधूरा होता है।' सच ही है, क्योंकि बच्चों की खुशी और पीड़ा दोनों में साथ देने वाली मां ही होती है। कही-अनकही हर बात को समझने वाला दिल बस मां के पास ही होता है। बच्चों की खुशी में भी मां की आंखों से आंसू बह निकलते हैं। उपलब्धियों और सफलता के दौर में भी सधकर चलने और शीर्ष पर बने रहने का आशीष मां का मन ही दे सकता है। बिना किसी शर्त के समर्पण और स्नेह भरी अनुभूतियों को लिए मातृत्व का संसार पीढ़ी-दर-पीढ़ी इस जुड़ाव को सींचता आ रहा है। आज भी पीड़ा में सबसे पहले मुंह से मां शब्द ही निकलता है। भय से जूझते हुए मां के प्यारे स्पर्श और कड़कती धूप में सिर पर डाल देने वाले आंचल की ही याद आती है। सफलता हो या अफसलता, हर पड़ाव पर छोटी-छोटी सीख देकर जीवन को दिशा देने वाली मां का ख्याल आ ही जाता है। कितनी ही भूमिकाएं निभाती मां हर पल मन-जीवन में अपनी मौजूदगी बनाए रखती है। इसीलिए कहा भी गया है कि मां, वह है, जो अन्य सभी की जगह ले सकती है, लेकिन एक मां की जगह कोई और नहीं ले सकता।

### मां से मिली सेवा भावना

ममता कालिया, साहित्यकार



**अपनी मां** से मेरा रिश्ता पारंपरिक ढर्रे से कुछ अलग हटकर था। इसकी एक बड़ी वजह यह भी थी कि उनका विवाह कम उम्र में ही हो गया था। उनकी शादी के बाद जल्द ही हम दोनों बहनों का जन्म हुआ। दो बेटियों के जन्म के बाद रिश्तेदार उन्हें देखकर उनके प्रति सहानुभूति प्रदर्शित करने लगे कि इस बेचारी की दो बेटियां हैं, इन बातों से मेरी मां अकसर उदास रहती थीं। मेरी बड़ी बहन बहुत सुंदर थी, जबकि मेरी शक्ल, सूरत बेहद मामूली थी। शायद इसी वजह से मां मेरे प्रति थोड़ी अनमनी-सी रहती थीं। इसके अलावा मेरी रुचि पढ़ने-लिखने में ज्यादा थी, घर के काम-काज में मैं उनका जरा भी हाथ नहीं बंटाती थी। इस मामले में पिताजी भी मेरा साथ देते थे। इसी वजह से बचपन में मां के साथ मेरे रिश्ते में प्रगाढ़ आत्मीयता नहीं थी, लेकिन जब मेरी बहन ने अपनी मर्जी से प्रेम विवाह कर लिया, उसके बाद मां बहुत बीमार रहने लगीं। तब उनके साथ वक्त बिताने की वजह से उनसे मेरा भावनात्मक बंधन मजबूत हुआ। पिताजी आकाशवाणी में निदेशक थे, घर में भौतिक सुख-सुविधाओं की कमी नहीं थी, लेकिन घर में मां को पिता के साथ बराबरी का जीवन जीने का अवसर नहीं मिला, इससे उनका व्यक्तित्व थोड़ा दब-सा गया था। लेकिन उनमें सेवा की भावना बहुत ज्यादा थी, दूसरों की मदद करना मैंने उनसे ही सीखा है। आज भले ही वह हमारे बीच नहीं हैं, पर मदर्स-डे के अवसर पर मैं उनसे यही कहना चाहूंगी कि मां आज मुझे देखकर तुम बहुत खुश होती, अब मैं तुम्हारी आज्ञाकारी बेटी बन गई हूं। तुम्हारी ही तरह मैं भी अपना घर सुव्यवस्थित रखती हूं।

### मां ने बचपन से ही मुझे आत्मनिर्भर बनाया

इरा टाक, लेखिका-फिल्म निर्मात्री



**मेरी मां** कॉलेज में प्राध्यापिका थीं। वह बहुत ज्यादा पढ़ती थीं, भाषा के प्रति वह बहुत सचेत रहती थीं। पढ़ने-लिखने और भाषा के प्रति अच्छी समझ रखने का संस्कार मुझे अपनी मां से ही मिला है। मेरे पिताजी की पोस्टिंग दूसरे शहर में थी, वह ज्यादातर वहीं रहते थे। ऐसे में मां ही अकेले पूरे घर को बहुत अच्छी तरह संभालती थीं। उन्होंने बचपन से ही मुझे आत्मनिर्भर बनाया। दस-बारह साल की उम्र में उन्होंने मुझे खाना बनाना सीखा दिया था। मैंने अपने कपड़े धोने सीखे, प्रेस करना सीखा। दूसरे भी वो काम करने लगी थी, जो बड़े करते हैं। बचपन में मैं अपनी पॉकेटमनी से पैसे बचाकर हर साल मदर्स-डे के अवसर पर उनके लिए गिफ्ट खरीद कर जरूर लाती थी। मुझे याद है, रात को सोने से पहले वह अकसर मुझे कहानियां सुनाती थीं। इन कहानियों जो सीख मिलती थी, उसको भी वह बताती थीं। मां की सुनाई कहानियों से मैंने जीवन के कई सबक सीखे। अच्छे-बुरे के बारे में जाना। किताबें पढ़ने की अच्छी आदत मुझे उनसे ही मिली है। ये किताबें ही होती हैं, जो हमारा मार्गदर्शन करती हैं, हमें मोटिवेट करती हैं। अपनी मां से मैंने जीवन में अनुशासन का सबक सीखा है। उन्हीं की वजह से ही मैं आज भी अनुशासित दिनचर्या अपनाती हूं। 2015 में मेरी मां का स्वर्गवास हो गया। आज जब भी मेरी कोई नई किताब आती है या मुझे कोई पुरस्कार मिलता है तो मुझे मां की बहुत याद आती है। मदर्स-डे के अवसर पर मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहती हूं कि उन्हीं के बताए रास्ते पर चलने के कारण आज मैं जीवन में कामयाब हूं, खुश हूं। मैं सहेली की पाठिकाओं से यही कहूंगी, अपनी मां की सीखों को हमेशा अपने दिमाग में रखें, क्योंकि उन सीखों में जीवन को सही ढंग से जीने की कला छुपी होती है। ये सीखें आगे बढ़ने की राह बनाएंगी, जीवन को सुखी रखेंगी।

प्रस्तुति : विनीता

सलाह / मनीषा

## हर दिन हो मां के लिए खास...

हम साल में सिर्फ एक दिन मदर्स-डे मनाकर अपनी मां के प्रति प्रेम-स्नेह और कृतज्ञता के भाव प्रकट करके इतिश्री मान लेते हैं, जबकि हमारी मांएं हमारे लिए जितना कुछ करती हैं, उनके लिए यह एक दिन का शुक्राना बहुत कम है। सच तो यह है, हमें लगता है कि घर के काम करना, हमारा खयाल रखना तो मां की आदत है। जबकि हमें भी उनकी जरूरतों और भावनाओं का खयाल रखना चाहिए। इसके लिए हमें कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

**घरेलू कार्यों में सहयोग दें :** हमारी मांएं सुबह से लेकर शाम तक घर के कामों में लगी रहती हैं, उन्हें आराम करने का समय नहीं मिलता, जबकि उनके स्वास्थ्य के लिए आराम जरूरी है। वह आराम तभी कर आएंगी जब उनके काम का बोझ कम होगा। उनका यह बोझ तभी कम होगा, जब हम घर के कामों में उनका हाथ बंटाएंगे। हम रोजमर्रा के घरेलू कार्यों जैसे किचेन में सब्जी काटकर, रोटियां बेलकर, डाइनिंग टेबल पर खाना सर्व करके घर की सफाई में मदद करके उनके



कामों को हल्का कर सकते हैं। हमारी इस मदद से उन्हें आराम मिलेगा।

**मां के लिए समय निकालें:** चाहे आप कितनी ही व्यस्त क्यों ना रहती हों, आप रोजाना अपनी मां से बातें करने के लिए समय जरूर निकालें। इस दौरान उनकी सुनें, उनका हाल जानें। अगर सेहत से संबंधी कोई परेशानी हो तो उन्हें डॉक्टर के पास लेकर जाएं। इससे उन्हें लगेगा उनका कोई ख्याल रखने वाला है।

**शौक पूरा करने के लिए प्रेरित करें:** हमारी परवरिश और घर-गृहस्थी की जिम्मेदारियां निभाने के चक्कर में हमारी मांओं के पास अपने लिए कोई समय नहीं बचता, इस कारण उनके कुछ शौक, ख्वाहिशें पूरी नहीं हो पातीं। लेकिन अब आप उनकी हॉबीज जानें। इसे पूरा करने के लिए उन्हें प्रेरित करें। इस तरह जब आप अपनी मां का खयाल रखेंगी तो हर दिन मां के लिए खास होगा।

डाइट सजेशन

डॉ. शालिनी सिंघल, डाइटिशियन, दिल्ली

आप जरूर चाहेंगी कि आपकी मां हमेशा हेल्दी-एनर्जेटिक रहें, ओल्ड एज में होने वाली हेल्थ प्रॉब्लम्स से बची रहें। इसके लिए आपको उनके हेल्थ की प्रॉपर केयर के साथ ही उनकी डाइट का भी ध्यान रखना होगा।

## तब आपकी मां रहेंगी हेल्दी-एनर्जेटिक

पचास की उम्र के बाद होने वाले शारीरिक-मानसिक बदलावों का असर सभी महिलाओं पर पड़ता है। इस एज में वे मेनोपॉज की स्थिति से गुजर रही होती हैं या गुजर चुकी होती हैं। इस उम्र में शरीर का मेटाबॉलिक रेट कम होने से इम्यून सिस्टम कमजोर, बोन डेंसिटी कम और मसल्स लॉस होने लगते हैं। इन वजहों से वे ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, ऑस्टियोपोरोसिस, इनसोम्निया, एंग्जाइटी, डिप्रेशन जैसी कई बीमारियों की गिरफ्त में आ सकती हैं। ऐसा आपकी मां के साथ ना हो, इसके लिए जरूरी है कि आप अपनी मां का पूरा खयाल रखें।

**न्यूट्रिशस डाइट है जरूरी:** अपनी मां को ऐसी डाइट दें, जिनमें सभी मैक्रोन्यूट्रिएंट्स (कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, फैट) और माइक्रोन्यूट्रिएंट्स (विटामिन और मिनरल्स) शामिल हों। इसके लिए उनके हर मील में सभी फूड ग्रुप्स होने चाहिए। कहने का मतलब है कि उनकी डेली डाइट में एनर्जी देने वाले (कार्बोहाइड्रेट), बोंस को स्ट्रॉन्ग बनाने वाले (प्रोटीन, कैल्शियम) और प्रोटेक्टिव (विटामिंस, मिनरल्स) फूड्स जरूर शामिल करने चाहिए।

**इम्यूनिटी बूस्टर फूड्स:** ओल्ड एज में इम्यून सिस्टम कमजोर होने से न्यूट्रिशन संबंधी जरूरतें बदल जाती हैं। इसलिए मां की डाइट में फाइटोन्यूट्रिएंट्स और एंटीऑक्सीडेंट्स को शमिल करके उनको हेल्दी बनाए रख सकते हैं। इसके लिए आपको हल्दी, जीरा, तुलसी के पत्ते, दालचीनी, अदरक, लहसुन जैसे इम्यूनिटी बूस्टिंग फूड्स किसी न किसी रूप में अपनी मां को जरूर देना चाहिए।

**फाइबर रिच आइटम्स:** बढ़ती उम्र के साथ महिलाओं का डाइजेस्टिव सिस्टम थोड़ा कमजोर हो जाता है। ऐसे में उन्हें फाइबर रिच फूड्स जैसे- चोकरयुक्त आटा, साबुत दालें, साबुत अनाज देने से उनको डाइजेशन संबंधी परेशानियां नहीं होंगी।



**ग्रीन वेजिटेबल्स:** हरी सब्जियां (खासकर पत्तेदार सब्जियां) कैलोरी में कम लेकिन विटामिन बी, ए, के, कैल्शियम और आयरन से भरपूर होती हैं। ये हड्डियों को मजबूती देने के साथ ओवरऑल हेल्थ बनाए रखने में भी मदद करती हैं। इसलिए आप अपनी मां को डेली कम से कम दो छोटी कटोरी सब्जियां जरूर खिलाएं। सलाद खाना सेहतमंद होता है। लेकिन अगर आपकी मां के दांत कमजोर हो रहे हैं, तो उन्हें कच्ची सब्जियां या सलाद कद्दूकस करके या बारीक कटी ही खाने के लिए दें ताकि उन्हें चबाने में या पाचन संबंधी दिक्कत न हो।

**प्रोटीन रिच फूड्स:** ओल्ड एज में होने वाले मसल्स लॉस से बचाने के लिए अपनी मां की डाइट में प्रोटीन रिच फूड्स जैसे- दालें, सोयाबीन, मूंगफली, अंडे, लो-फैट गाय का दूध और डेयरी प्रोडक्ट्स आदि ज्यादा से ज्यादा शामिल करना चाहिए।

**कैल्शियम-विटामिन डी:** बोन डेंसिटी कम होने या ऑस्टियोपोरोसिस से बचाने के लिए मां की डाइट में कैल्शियम और विटामिन डी भी पर्याप्त मात्रा में होने चाहिए। कैल्शियम के लिए लो फैट दूध और दूध से बने पदार्थ, सोयाबीन और उससे बने पदार्थ, हरी पत्तेदार सब्जियां, सफेद तिल, सीड्स, रागी का आटा जैसे फोर्टिफाइड अनाज ले सकती हैं। विटामिन डी के लिए मशरूम, साल्मन मछली, अंडे, कॉडलिवर ऑयल लेना जरूरी है।

**हेल्दी फैट:** मां की डेली डाइट में हेल्दी फैट भी होना चाहिए। इसके लिए उन्हें सीमित मात्रा में देसी घी दे सकती हैं। इसके अलावा फूड के रूप में 3 टीस्पून या 15 मिली. हेल्दी ऑयल भी दे सकती हैं। इसके उनके बोंस स्ट्रॉन्ग रहेंगे और ज्वाइंट्स में ग्रीस भी बनी रहेगी।

**पानी-लिक्विड डाइट:** ओल्ड एज में स्किन प्रॉब्लम्स और डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए मां को रोजाना पर्याप्त मात्रा में यानी 8 से 10 गिलास पानी पीने के लिए कहना चाहिए। आप चाहें तो उनको नीबू-पानी, नारियल पानी, लस्सी, मट्ठा, वेजिटेबल सूप, फ्रूट जूस जैसे लिक्विड डाइट भी दे सकती हैं।

**नमक-चीनी की मात्रा:** मां की डाइट में नमक और चीनी संतुलित मात्रा में होने चाहिए। खाने में चीनी या नमक ऊपर से डालकर नहीं खाने देना चाहिए। ज्यादा नमक से ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक, स्ट्रोक और ज्यादा चीनी से मोटापा, डायबिटीज होने का रिस्क बढ़ता है। डब्ल्यूएचओ भी एक वयस्क व्यक्ति को रोजाना 5 ग्राम से कम आयोडाइज्ड नमक और 15-20 ग्राम तक चीनी लेने की सलाह देता है।

प्रस्तुति:रजनी अरोड़ा

बात अपनी

यासमीन सिद्दीकी

मां को हर वक्त अपने घर-परिवार और बच्चों की इतनी ज्यादा चिंता रहती है कि उसे अपने लिए कुछ सोचने, कुछ करने की सुधि ही नहीं रहती। यह तो अपने आपको खत्म करना है। क्या मां की खुशी कोई मायने नहीं रखती, उसका कोई वजूद नहीं है...? मां के लिए एक कोशिश।

## मां तुम्हारी भी हैं कुछ खुशियां तुम्हारा भी है एक वजूद...

बचपन से मैं तुम्हें देख रही हूं मां, तुम ना कभी थकती हो, ना रुकती हो। तुम रोज सबसे बाद में सोती हो और सबसे पहले उठ जाती हो। थकान और ना जैसे शब्द तुम्हारी शब्दावली में नहीं हैं। इस मदर्स-डे पर मां मैं तुमसे अपने मन की बातें कहना चाहूंगी। सदियों से समाज तुम्हें मां बनाकर महानता का दर्जा देता आया है। सुनो मेरी मां, अब इस महानता का चोला उतारकर, अपनी ख्वाहिशों की ओढ़नी ओढ़ लो। मत कसो अपने आपको समाज की कसौटी पर।

**मां होने का अर्थ:** मां आपसे अपनी बातें कहने से पहले मैं अपने जैसे लोगों से कुछ कहना चाहूंगी। मां शब्द जब भी हमारे जेहन में आता है। हम एक ऐसी महिला की कल्पना करते हैं, जो अपने बच्चों को मुसीबत से बचाने के लिए कभी शेरनी बन जाती है तो कभी अपने अस्वस्थ बच्चों के लिए हकीम बन जाती है। अकसर अपने बच्चों में अपनी दुनिया को देखने वाली हमारी मांओं की अपनी दुनिया कहीं खो जाती है। लेकिन अगर हम कोशिश करें तो अपनी मां को वो सहज जिंदगी दे सकते हैं, जिसकी वो अधिकारी है। तो चलिए इस मदर्स-डे पर हम अपनी मां से कहें -

**बोलो कि थक गई हो:** हम बहुत आसानी से कह देते हैं कि मां को मैंने कभी थकते हुए नहीं देखा। मेरी मां बिना रुके काम करती है। अगर मैं उससे आधी रात में कुछ बनाकर खाने को देने के लिए कहूंगी तो बनाएगी। लेकिन मां तुम स्वयं को अभिव्यक्त करना सीख लो। थकने का अधिकार तुमको भी उतना है, जितना हमें है। बस हम कह देते हैं और तुम नहीं कह पाती, अपने दर्द को सहती हो। मां अब मत सहो, हम तुम्हारे बच्चे हैं, हमसे काम करवाओ।



हम नहीं करें तो हमें डांटो, लेकिन हर काम की जिम्मेदारी लेकर खुद को और मत थकाओ मां।

**ना कहना सीखो:** मां तुम जानती हो कि तुम्हें हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत क्यों हो गई? ऐसा इसलिए क्योंकि तुम किसी काम के लिए ना ही नहीं कह पाती। तुमको बुरा भी लगता है, तकलीफ भी होती है, लेकिन तुम सहती हो। बेटी हूं आपकी, सब समझती हूं। बहुत जरूरी है, ना कहना भी सीखो, मां।

**पापा की साथी भी हो:** हां जब हम छोटे थे, तब स्वाभाविक था कि हम पर तुम्हें ज्यादा ध्यान देना होता था, लेकिन अब हम बड़े हो चुके हैं मां। इस घर में एक और रिश्ता है, आपका और पापा का। आप दोनों एक-दूसरे को समय दें। हम भी तो अपने दोस्तों के साथ अकेले घूमने जाते हैं तो आप दोनों भी कभी डिनर डेट पर जाओ। क्यों हमेशा हमारे साथ ही आउटिंग पर निकलती हो। सच कहें कि आप और पापा एक-दूसरे को समय देंगे तो हमें भी खुशी होगी।

**मां तुम्हारी सहेलियां कहां हैं:** मां अकसर आप अपनी सहेलियों का जिक्र करती हैं। लेकिन कभी उन दोस्तों के साथ मिलने का प्लान भी बनाइए। हां, अब आप कहेंगी कि नाते-रिश्तेदार निपट जाएं, वही बहुत है। लेकिन मां जिस तरह से आप इतने बड़े परिवार को संभालती आई हैं, कोशिश करेंगी तो आप अपनी पुरानी जिंदगी को फिर से सजा लेंगी।

**एक दिन आपकी पसंद का:** मां घर में खाना बनता ही वो है, जो हमें पसंद है। लेकिन जब भी आपसे पूछो कि मां आपको क्या पसंद है तो जवाब मिलता है 'अरे मेरा क्या है? मैं तो सभी कुछ खा लूंगी।' नहीं मां, एक दिन अपनी पसंद का खाना हमसे बनाने को कहो, हम बड़े प्यार से बनाएंगे। हमें भी पता चले कि हमारी मां की पसंद-नापसंद क्या है?

**मुश्किल नहीं है बदलाव:** आपको लग रहा होगा कि यह सब किताबी बातें हैं। ऐसा हो नहीं सकता, लेकिन मां सच है कि समाज में इस बदलाव को लाना इतना मुश्किल भी नहीं है। बदलाव धीरे ही सही, लेकिन आते जरूर हैं। हैप्पी मदर्स-डे मां!

## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने सुलखा गांव में घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर गत 30 जनवरी को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में अनुज और अजय को काबू किया है। दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### नांगल पठानी में बुजुर्ग घर से हुआ लापता

**रेवाड़ी।** नांगल पठानी में 83 वर्षीय बुजुर्ग घर से लापता हो गया। पुलिस शिकायत में सुनील कुमार ने बताया कि उसका पिता दलीप सिंह शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त है। वह कई दिनों से मानसिक रूप से बीमार चल रहा है। 3 मई को उसका पिता घर से कहीं चला गया। काफी तलाश करने के बाद भी पिता का कोई पता नहीं चला।

### टायर चोरी के मामले में एक आरोपी काबू

**बावल।** थाना बावल पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गत वर्ष 12 अगस्त को हुई चोरी की वारदात के बाद पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में यूपी के गिरधरपुर निवासी बंटू को गिरफ्तार किया है। उस पर गाड़ी के टायर चोरी करने का आरोप है। उससे पूछताछ करने के बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा के तहत जेल भेज दिया गया।

### नेहरू पार्क के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी

**रेवाड़ी।** नेहरू पार्क के बाहर खड़ी एक बाइक चोरी हो गई। पुलिस शिकायत में बल्लूवाड़ा निवासी मनीष ने बताया कि वह सुबह के समय पार्क में घूमने के लिए बाइक लेकर आया था। पार्क के बाहर बाइक खड़ी करने के बाद वह घूमने के लिए पार्क के अंदर चला गया। वापस आने पर उसे बाइक नहीं मिली।

# लोस चुनाव पर्यवेक्षण अधिकारियों और थाना प्रबंधकों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सोमवार को लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में सभी पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रबंधकों की बैठक लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी आधुनिक तकनीक से खुद को पूरी तरह से परिचित रखें। उच्च अधिकारियों से मांगे गए जवाब निश्चित समय अवधि में भेजें। सभी अधिकारी आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को पूरी तरह से निष्पक्ष, स्वतंत्र व शांतिपूर्ण रूप से करवाने के लिए तैयारियों में जुट जाएं तथा चुनाव से संबंधित सभी कार्य शीघ्र पूरा करें। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बूथों का भ्रमण कर बिल्डिंग व परिसर का जायजा लेकर संबंधित विभाग से पत्राचार कर खामियों को दुरुस्त करवाएं। बैठक में चुनाव को शांतिपूर्ण व सुचारू तरीके से आयोजित करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। वहीं सूचनाओं के अदान-प्रदान आपसी तालमेल व अपराधियों के धर-पकड़ में सहयोग करने पर बल दिया गया। शराब, हथियार की तस्करी पर रोक लगाने के लिए आपस में सूचनाओं के अदान-प्रदान को लेकर भी चर्चा की गई।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि स्वतंत्र व निष्पक्ष रूप से चुनाव करवाना पुलिस की प्राथमिकता है। सभी थाना प्रभारी अपने क्षेत्र के लाइसेंस असला धारकों के शत-प्रतिशत हथियार जल्द से जल्द जमा करवाएं और जो लोग अपने लाइसेंसी हथियार जमा नहीं करेंगे, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि राजस्थान सीमा पर स्थापित किए गए इंटर स्टेट पुलिस नाकों समेत संदिग्ध मागार्ें पर भी पुलिस गश्त बढ़ाई जाए। वहां से गुजरने वाले प्रत्येक व्यक्ति व वाहन की बारीकी से जांच कर संदिग्ध लोगों पर पैनी नजर रखें।



नारनौल। लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक लेते एसपी अर्श वर्मा। फोटो : हरिभूमि

### विशेष अभियान चलाएं : एसपी

एसपी ने सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिए की चुनाव को प्रभावित करने वाले असामाजिक तत्वों, शराब तस्करों व अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ सभी प्रभावी कदम उठाए। उद्घोषित, जमानत तर्क, अतिवांछित अपराधियों, पैरोल जंपर अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

# यूजी-पीजी के छात्रों के लिए छात्रवृति से दाखिले शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

यदुवंशी डिग्री कॉलेज में यूजी व पीजी के दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जिसमें विद्यार्थियों को विशेष छात्रवृति दी जा रही है। यह छात्रवृति ऐसे स्टूडेंट के लिए है, जो 12वीं की परीक्षा पास कर चुके है और कॉलेज में उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं। यदुवंशी डिग्री कॉलेज में बीए, बीकॉम, बीएससी, बीएससी (ऑनर्स), एमएसई, एमकॉम, एमए आदि कोर्स है, जिसमें विद्यार्थी दाखिला ले सकता है। यूजी कोर्स में ये छात्रवृति तीन वर्ष की रहेंगी, वहीं पीजी में दो वर्ष के लिए छात्रवृति रहेगी। यह छात्रवृति 12वीं कक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर निर्धारित की गई है। जिन छात्रों के 12वीं तथा स्नातक स्तर की परीक्षा अच्छे अंकों से पास की है और अपनी स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए छात्रवृति की तलाश कर रहे हैं, वह यदुवंशी डिग्री कॉलेज में आकर छात्रवृति के माध्यम से दाखिला ले सकते है। आवेदन से पहले विद्यार्थी को यूजी व पीजी के लिए निर्धारित योग्यता की शर्त को जान लेना चाहिए। इस छात्रवृति का उद्देश्य निम्न वर्ग से आने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए बढ़ावा देना व उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। संस्था चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने कहा कि इस छात्रवृति के आयोजन का मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षा के स्तर को बढ़ाना है। यदुवंशी डिग्री कॉलेज में प्रारंभ से ही बच्चों की रुचि तथा उनकी भावनाओं के आधार पर शिक्षा प्रदान की जाती है। साथ ही उन्हें शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य समझाया जाता है। राव बहादुर सिंह ने कहा कि यदुवंशी कॉलेज उन अभिभावकों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा, जो अपने बच्चों को सफलता के शिखर पर देखना चाहते हैं। यदुवंशी का उद्देश्य गुणवत्ता परम शिक्षा प्रदान करवाकर बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने कहा कि वे उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के साथ खड़े है।

# जयराम स्कूल में विज्ञान प्रश्नोत्तरी में 24 छात्र- छात्राओं ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राव जयराम विद्यालय में सोमवार को विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि प्राचार्या राजेश यादव व अध्यक्षता एकता यादव ने की। निर्णायक मंडल से शक्ति यादव एवं विक्रम सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 24 विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जिसमें सुभाष चंद्र बोस हाउस से दीव्या, माही, पार्थ एवं प्रवीण ने 36 अंक के साथ प्रथम तथा रविंद्रनाथ टैगोर हाउस से इशु, केशव, सुमित एवं यतिन ने 33 अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया।

प्राचार्या ने बताया कि आज का युग विज्ञान का युग है, विज्ञान ने हमारे जीवन को अति सुगम बना दिया है। मानव जीवन को सरल और सुखमय बनाने में सबसे ज्यादा यदि किसी का योगदान है तो वह विज्ञान का है। विज्ञान ने कदम-कदम पर मानव जीवन में हस्तक्षेप किया है और मनुष्य को इतनी सुविधाएं प्रदान की हैं कि मनुष्य विज्ञान के अधीन होकर रह गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में कोई भी हारता नहीं है, एक टीम जीतती है तो दूसरी टीम सीखती है। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में संबंधित विषय का भौतिक एवं सूक्ष्म ज्ञान होता है। इस से हमें भविष्य में बड़े स्तर की परीक्षा एवं प्रतियोगिता के लिए तैयारी करने में भी सहायता मिलती है। हमें इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन करते रहना चाहिए तथा विद्यार्थियों को भी इनमें भाग लेना चाहिए।



महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# जिले में चल रहा सघन चेकिंग अभियान

- संदिग्ध वाहनों पर रखी जा रही पैनी नजर, बार्डर पर एफएसटी व एसएसटी टीम की मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में लोकसभा आम चुनाव को लेकर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से सख्ती की जा रही है। चुनाव के दौरान अवैध शराब की सप्लाई व धनबल के प्रयोग सहित अन्य अवांछनीय गतिविधियों पर नजर रखते हुए जिले के बॉर्डर पर एफएसटी व एसएसटी सहित अन्य पुलिस प्रशासन की टीम सजगता से अपना दायित्व निभा रही हैं और जिला प्रशासन की ओर से पुलिस विभाग के साथ मिलकर सघन वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है।

जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने कहा कि जिले में मादक पदार्थ से लेकर नकदी के परिवहन को रोकने के लिए संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों पर विशेष व पैनी नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एसएसटी की ओर से वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में चार पहिया वाहनों सहित सभी वाहनों की तलाशी ली जा रही है। वाहनों से संबंधित दस्तावेज की भी जांच की जा रही है, ताकि वाहनों के माध्यम से अवैध सामानों की हेराफेरी न हो सके। इसके लिए जिलेभर में चेकिंग बैरियर भी लगाए गए हैं, जहां पर 24 घंटे जांच व निगरानी रखी जा रही है।




रेवाड़ी। कार की डिग्गी चेक करते हुए पुलिस। फोटो : हरिभूमि




रेवाड़ी। वाहनों की जांच करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

# मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

- मतदाताओं को अपना विवरण जांचने के लिए अंतिम मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

लोकसभा चुनाव में भागीदारी के लिए भारत चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है और मतदाताओं को इसमें अपना नाम सहित अन्य विवरण जांचने के लिए अंतिम मौका दिया है। सभी मतदाता समय रहते अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में अपने नाम का अवलोकन कर करते है ताकि उन्हें मतदान करने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि मतदाता सूची में अपना नाम चैक करना बहुत ही आसान है। इसे ऑनलाइन अपने कंप्यूटर या मोबाइल से कर सकते हैं। मतदाता सूची में अपना नाम खोजने के लिए अपने राज्य एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के नाम, अपना प्रथम एवं अंतिम नाम, जन्म तिथि और आयु की जानकारी देनी होगी। डीसी ने बताया कि यदि आप अपने कंप्यूटर के जरिए यह काम कर रहे हैं तो चुनाव आयोग की वेबसाइट वोटर्स.ईसीआई.जीओवी.इन पर जाना होगा और इसमें दिख रहे सर्च इन इलेक्टोरल रोल ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। इसके बाद आपकी स्क्रीन पर एक फार्म निकलेगा। आप इसमें जरूरी डिटेल भरने के बाद सर्च ऑप्शन पर क्लिक करेंगे तो आपके सामने मतदाता सूची से संबंधित आपकी जानकारी सामने आ जाएगी। साथ ही यह भी पता लग जाएगा कि आपका वोट किस मतदान केंद्र पर है। इसके अलावा आप इसी पेज पर ईपीआईसी नंबर के जरिए भी अपना नाम वोटिंग लिस्ट में चैक कर सकते है। यदि आपका फोन नंबर भारत चुनाव आयोग में रजिस्टर है तो आप फोन नंबर डालकर भी अपना नाम देख सकते हैं।






रेवाड़ी। शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना होते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र का किया भ्रमण

**बावल।** कृषि महाविद्यालय बावल के चौथे और पांचवें वर्ष के छात्रों ने इंडियन नेशनल अकेडमी ऑफ साइंसेस के सहयोग से आयोजित किए जा रहे एनसीआर जोनल विज्ञान सप्ताह के तहत आईसीएआर भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान का दौरा किया। कृषि महाविद्यालय के प्राचार्य डा. नरेश कौशिक ने छात्रों को यात्रा के महत्व के बारे में बताया और उन्हें इस अनुभव से अधिक से अधिक सीखने के लिए प्रेरित किया। कृषि महाविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डा. प्रशांत चौहान और डा. शरणजीत धवन ने कार्यक्रम का संचालन किया। 32 छात्रों ने दिल्ली स्थित संस्थान का दौरा किया। यह शैक्षिक यात्रा यात्रा के दौरान छात्रों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे अनुसंधान के बारे में अवगत कराया गया, जोकि उनके करियर विकास के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही सभी को विश्व स्तरीय प्रयोगशालाओं का भ्रमण करने का अवसर भी प्राप्त हुआ।

# परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने पर विद्यार्थियों को किया सम्मानित

- विद्यार्थियों ने गांव में निकाली जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सतनाली मंडी

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुरेहती पिलानिया में सम्मान समारोह का आयोजन कर हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार पारीक ने बताया कि 12वीं कक्षा में स्कूल का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। स्कूल के 35 विद्यार्थियों में से 18 ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया व 17 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। कार्यक्रम में मेरिट में आने वाले 18 विद्यार्थियों को सम्मानित किया। गांव में जागरूकता रैली निकाली गई। प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह ने कहा कि गांव के सरकारी स्कूल में उत्तम शिक्षा अनुशासन के साथ दी जाती है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को सरकारी स्कूल में भेजें। इस मौके पर विजय कुमार पारीक, मंजू, अंजू, रजनेश, रमेश मलिक, आदि मौजूद थे।



सतनाली मंडी। परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्टाफ।

## 10 मई को प्रभात फेरी और हवन किया जाएगा

# गौड़ ब्राह्मण सभा के साथ परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाएगी ब्राह्मण परिषद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

श्री गौड़ ब्राह्मण सभा प्रांगण में सोमवार को ब्राह्मण परिषद की आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता परिषद के प्रधान गोपाल कृष्ण शास्त्री ने की। जिसमें भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक आचार्य देवदत्त शास्त्री विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा करते हुए आचार्य देवदत शास्त्री ने बताया कि श्री गौड़ ब्राह्मण सभा की ओर से तीन दिवसीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसे ऐतिहासिक व भव्य रूप देने के लिए ब्राह्मण परिषद के सभी सदस्य अपनी अह्म भूमिका निभाए। इस अवसर पर ब्राह्मण परिषद के प्रवक्ता आचार्य क्रांति निर्मल शास्त्री ने बताया कि 10 मई को प्रातः छह बजे भगवान परशुराम के तिलक व स्वस्ति वाचन के साथ प्रभात फेरी का शुभारंभ होगा। इसके बाद 8:15 बजे शुभ मुहूर्त में लगभग 31 ब्राह्मणों की ओर से मंत्रोच्चारण पूर्वक अग्नि देव का आह्वान करके हवन प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हवन में 11 लोग सपत्नीक यजमान बैठेंगे। हवन उपरांत खीर के प्रसाद का वितरण किया जाएगा। आचार्य क्रांति निर्मल शास्त्री ने बताया कि 11 मई को शुभ मुहूर्त में सायं 6:30 बजे यजमानों की ओर से गणेश पूजन करवाकर सायं 7:15 बजे पावन ज्योति प्रज्वलित कर सस्वर हनुमान चालीसा व संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। तत्पश्चात भजन संध्या होगी, जिसमें रात्रि 10:15 बजे आरती के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इस अवसर पर खेमचंद शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम श्री गौड़ ब्राह्मण सभा के तत्वावधान में होंगे और 12 मई रविवार को सुबह 9:15 बजे भव्य विशाल ऐतिहासिक शोभा यात्रा का शुभारंभ भगवान परशुराम जी की पूजा अर्चना उपरान्त किया जाएगा। जिसमें ब्राह्मण परिषद के लगभग 101 आचार्य अपनी सनातनी विशेष वेशभूषा में विशाल शोभायात्रा की वेदमंत्रों के मधुर ध्वनि से अगुवाई करेंगे। परिषद के प्रधान गोपाल कृष्ण शास्त्री ने ब्राह्मण समाज के लोगों को इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम के इस भव्य आयोजन में सभी विप्रजन पारंपरिक परिधान पीला-कुर्ता व सफेद धोती पहनकर शोभायात्रा में आए।



नारनौल। बैठक करते ब्राह्मण परिषद के सदस्य। फोटो : हरिभूमि



महेंद्रगढ़। शोकसभा में उपस्थित सभा सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# तिवाड़ी की याद में परशुराम भवन में हुआ शोकसभा का आयोजन

- स्वर्गीय दयाशंकर ने हजारों बच्चों को पढ़ाकर उनका करियर बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

ब्राह्मण सभा के परशुराम भवन में सभा के भूतपूर्व प्रधान स्वर्गीय दयाशंकर तिवाड़ी के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। प्रधान दिनेश चंद्र वैद्य ने कहा कि स्वर्गीय दयाशंकर तिवाड़ी के चले जाने से समाज को अपूर्ण क्षति हुई है। ब्राह्मण सभा के परशुराम भवन को बनवाने में उनका पूरा योगदान रहा। सभा सचिव मनोज गौतम ने भी प्रेषित शोक संदेश में कहा कि स्वर्गीय दयाशंकर तिवाड़ी एक गो-भक्त रहे हैं। उन्होंने शिक्षा विभाग को भी अपनी सेवाओं से लाभान्वित किया। हजारों बच्चों को पढ़ाकर उनका करियर बनाया। इसके अतिरिक्त हरियाणा गो-सेवा आयोग के भी सदस्य रहे। स्वर्गीय दयाशंकर तिवारी धोलपोश गोशाला के काफी समय तक प्रधान रहे और हाल ही में मौदाश्रम के भी प्रधान का दायित्व उन पर था। ब्राह्मण सभा के सह सचिव सेवानिवृत प्रो. विनोद शर्मा एवं कार्यकारिणी सदस्य बीडीसी मेंबर कैलाश दत्त शास्त्री ने कहा कि स्वर्गीय दयाशंकर तिवाड़ी द्वारा किए गए सामाजिक हित के कार्य हम सब को प्रेरणा देते रहेंगे। इस अवसर पर मनोज कौशिक, सागरदत्त शर्मा, उपप्रधान सुरेश शर्मा, उपप्रधान जितेंद्र शर्मा, रीडर प्रदीप कौशिक, भारत बोहरा, सीताराम पुजारी, राम अवतार शास्त्री, विनोद शर्मा, बीडीसी मेंबर कैलाश शास्त्री, गोविंद आदि ने स्वर्गीय दयाशंकर तिवाड़ी को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए हैं।

### खुले आसमान के नीचे सरसों के भरे बैग व खुली पड़ी ढ़ेरियां

# एक मई से सरसों की सरकारी खरीद बंद फिर भी सरसों से अटी पड़ी अनाज मंडी

■ स्टेट वेयर हाउस ने नारनौल मंडी में इस बार की है लगभग 2.38 लाख क्विंटल सरसों की खरीद, अब भी मंडी में रखे हैं 50-55 हजार बैग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

अनाज मंडियों में सरसों की खरीद गत एक मई से बंद हो चुकी है, लेकिन कमाल की बात है कि अनाज मंडियों से सरसों का अब तक भी उठान नहीं हो पाया है। पांच दिन बाद भी मंडियां सरसों से भरी पड़ी हैं। अकेले नारनौल मंडी में ही 50-55 हजार बैग अब भी पड़े हुए हैं। दूसरी कमाल की बात यह है कि खरीद बंद होने के बावजूद मंडी में बारदाने की कमी बनी हुई है और अब भी सरसों की ढेरियां खुले आसमान तले पड़ी हैं। उल्लेखनीय है कि इस बार राज्य सरकार ने परंपरागत एक अप्रैल से रबी सीजन की खरीद की शुरूआत करने की बजाए गत 26 मार्च से ही प्रदेश की मंडियों में खरीद चालू कर दी थी। जो एक मई तक लगातार चली। इस बार शुरूआत हैफेड ने की थी और 10 अप्रैल तक खरीद की थी। इस बार सरकार ने सरसों का सरकारी समर्थन मूल्य 5650 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया हुआ है। हैफेड ने जिलेभर की मंडियों से अब तक 64005.75 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की है, वहीं 10 अप्रैल के बाद से जिले की चार मंडियों में स्टेट वेयर हाउस ने 66184.165 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की है। जब दस अप्रैल को हैफेड की खरीद जिले की चार मंडियों में खरीद बंद हुई थी, तब कुछ दिनों बाद हैफेड ने अपनी सरसों का उठान कर मंडियों को खाली कर दिया था। दो मंडियों नांगल चौधरी एवं अटेली में ही हैफेड ने सरसों की खरीद की, जबकि अन्य चार मंडियों नारनौल, महेंद्रगढ़, कनीना व सतनाली में स्टेट वेयर हाउस ने सरसों की खरीद की। यह खरीद एक मई तक चली। एक मई को सरसों की खरीद बंद होने के बावजूद मंडियों अब भी सरसों से भरी पड़ी हैं और सरसों का उठान करने में बारदाने की कमी बार-बार आड़े आ रही है।




नारनौल। अनाज मंडी में बैगों में रखी सरसों व अनाज मंडी सरसों की लगी खुली ढेरियां। फोटो : हरिभूमि

### नारनौल मंडी की स्थिति

*नारनौल मंडी स्टेट वेयर हाउस को अलॉट थी, जिस कारण यहां स्टेट वेयर हाउस ने एक मई तक सरसों की सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीद की। नारनौल मंडी में स्टेट वेयर हाउस ने करीब 2.38 लाख क्विंटल सरसों की खरीद की है। जो लगभग 4,75,600 बैगों में भरी गई। एक मई से खरीद बंद होने के बाद से इन सभी बैगों का उठान नहीं हो पाया है। मंडी अब भी सरसों से भरी पड़ी है। नारनौल मंडी में करीब 50-55 हजार बैग अब भी सरसों के रखे हुए हैं। दोनों टीनशेड जहां फुल हैं,।*

### खुली ढेरियां भी पड़ी

अनाज मंडी में सरसों जहां बैगों में भरकर रखी गई है, वहीं अब भी सरसों की ढेरियां लगी हुई हैं। खुली सरसों अब भी खुले आसमान तले पड़ी है। बारदाने की कमी से यह सरसों बैगों में नहीं भरी जा सकी है। सरसों की ढेरियां एक-दो नहीं, बल्कि कई सारी हैं और खुले में पड़ी हैं।

### मंडी में रखे हुए हैं 50-50 हजार बैग

*नारनौल मंडी में लगभग 2.30 लाख क्विंटल सरसों की खरीद स्टेट वेयर हाउस ने की है। अधिकांश सरसों का उठान हो चुका है, जबकि 50-55 हजार बैग अब भी मंडी में रखे हुए है। इन खुली ढेरियों के लिए बारदाने की डिमांड की गई है तथा मंगलवार तक और बारदाना आने की उम्मीद है।*



## भिवानी-महेंद्रगढ़ से बड़ी जीत होनी तय जनता खुद लड़ रही चुनावः दान सिंह

**महेंद्रगढ़।** भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी राव दान सिंह ने सोमवार को भिवानी हलके गांव कितलाना, निमडीवाली, रूपगढ़, झरवाई नंदगांव, ढाणी जंगा, ढाणी अहिरान, राजगढ़, नवां, धिराणा, देवसर, हालुवास, हालुवास माजरा, ढाणा नरसान, ढाणा लाडनपुर, अजीतपुरा, गौरीपुर, मानहेरू, मधमाधवी, धारेडू, सांगा, बड़ाला, कायला, बामला, फूलपुरा, नौरंगाबाद, उमरावत, कोंट, पूर्णपुरा, नांगल में दौरे कर अपने पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान राव दान ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जनता सच्चाई के साथ होती है। महंगाई, बेरोजगार, गरीब-अमीर के बीच की खाई का मुद्दा कांग्रेस का भी है और जनता का भी है जब प्रधानमंत्री ने कांग्रेस के न्यायपत्र की आलोचना की तो ज्याद से ज्यादा लोग न्यायपत्र को डाउनलोड़ करने लगे। उससे घोषणा पत्र और लोकप्रिय हो गया। राव दान सिंह ने कहा कि भाजपा को हराने के लिए कांग्रेस के पास सबसे बड़ा हथियार उसका घोषणापत्र और कल्याणकारी योजनाएं हैं इसलिए इन्हें घर-घर व जन-जन तक पहुंचाना प्रत्येक कांग्रेसजन की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर 30 लाख सरकारी नौकरियां, किसानों को एम.एस.पी की गारंटी, 25 लाख रूपए तक का ईलाज, एजुकेशन लोन माफ, महिलाओं को 1 लाख सालाना, एस.सी पिछड़ों को जनसंख्या के अनुपात में भागेदारी मिलेगी साथ ही हरियाणा में सरकार बनने पर 2 लाख से ज्यादा पक्की नौकरियां दी जाएंगी। कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम और बुजुर्गों को 6000 रूपए बुढापा पेंशन दी जाऐगी, गरीबों के लिए 100-100 गज के मुफ्त प्लाट आवंटन की योजना फिर से शुरू होगी। महिलाओं को 500 रूपए में गैस सिलेंडर और हर घर को 300 यूनिट मुफ्त बिजली दी जाएगी। कांग्रेस सिर्फ आलोचना करने में विश्वास नहीं रखती बल्कि वो नीतियों का खाका भी जनता के सामने पेश कर रही है। भाजपा ने पेपर लीक, भर्ती घोटालों, अग्निवीर और कौशल निगम के जरिये जिन पढ़े लिखे युवाओं को प्रताड़ित किया है। जिन किसानों को भाजपा ने लाठी, डंडे और गोलियां दी उन किसानों को कांग्रेस एम.एस.पी की गारंटी और कर्ज मुक्ति देगी।

### खबर संक्षेप



#### ड्यूस्टो बिजनेस स्कूल स्पेन का किया भ्रमण

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता तंवर ने ड्यूस्टो बिजनेस स्कूल, ड्यूस्टो विश्वविद्यालय स्पेन का दौरा किया है। ड्यूस्टो बिजनेस स्कूल स्पेन में अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने उद्यमिता और सांस्कृतिक प्रबंधन से संबंधित विभिन्न स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रम में विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में हिस्सा लिया। प्रो. सुनीता तंवर ने नए शैक्षणिक साझेदारी बनाने के लिए बातचीत की। वीसी प्रो. टंकेश्वर कुमार द्वारा वर्चुअल बैठक के माध्यम से अल्वारो डे ला रिका एस्पिउंजा, डीन और डॉ. मिकेल लैरीना मौजूद रही।

#### मोहल्ला कायस्थवाड़ा में सुंदरकांड पाठ आज

**नारनौल।** श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल के तत्वावधान में मंगलवार रात को सुधीर यादव के निवास स्थान मोहल्ला कायस्थवाड़ा नजदीक टावर के पास सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। मंडल के सदस्य राकेश गुप्ता ने बताया सुंदरकांड पाठ की अध्यक्षता मंडल के प्रधान महावीर प्रसाद अग्रवाल करेंगे। पाठ के बाद भजनों का दौर शुरू होगा। जिसमें शहर के गायक कलाकार भजनों से बालाजी महाराज का गुणगान करेंगे।

## कानूनी जागरूकता कैंप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शैलजा गुप्ता के निर्देशानुसार सोमवार को गांव दोचाना में कानूनी जागरूकता कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ व राइट टू वोट पर फोकस किया। इस अवसर पर पैनल वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मेश जोशी ने गांव वासियों को बताया कि संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत मत का अधिकार दिया गया। जिस व्यक्ति की आयु 21 साल है, उसको मत देने का अधिकार है और उसे अपने मत का प्रयोग निर्भीक होकर बिना किसी दबाव के अवश्य करना चाहिए। यह हमारा संविधान की ओर से दिया गया अधिकार है, इसका सदुपयोग हमें सारे काम छोड़कर जरूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज की बेटी कल का भविष्य है। हमें लिंगानुपात बढ़ाने के लिए बेटी को पढ़ाना चाहिए व महिला सशक्तिकरण के लिए बेटियों को पढ़ाना चाहिए, एक बेटी पढ़ती है, तो वह दो घर सुधारती है। उन्होंने बालिकाओं के अधिकार, कर्तव्य तथा स्वरोजगार के लिए सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने बाल विवाह निषेध, कन्या भूरण हत्या, जन्म-मृत्यु पंजीकरण, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वालंटियर संजय ने ग्रामीणो को लिगल एड के टोल फ्री नंबर 01282-250322 के बारे में बताया। इस मौके पर सरपंच मुलचंद, पूर्व सरपंच मदन आदि मौजूद रहे।



नारनौल। लोगों को कानूनी जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

## बहकावे में न आकर विकसित भारत के लिए करें वोट

■ विजय संकल्प रैली में पूर्व सीएम मनोहर लाल ने कांग्रेस प्रत्याशी पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी/लोहारू

विजय संकल्प रैली में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के समय की कई बीमारियां हमने काटी है। कांग्रेस के समय में चपरासी, क्लर्क, सुपरवाइजर, एचसीएच की नौकरियां पैसे देकर मिलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पढ़े लिखे युवाओं को योग्यता के आधार नौकरियां दी। हरियाणा में ऐसा पहली बार हुआ गरीब परिवार के बच्चों को भी सरकारी नौकरियां मिली है। रैली में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को जात-पात से ऊपर उठकर देश व प्रदेश के हित में अपना मतदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जात-पात सामाजिक कार्य व विवाह शादी के लिए जरूरी है, लेकिन राष्ट्र हित में मतदाता महत्व ना दे। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी दुनिया में इतने मतबूत नेता बन गए हैं कि दुनिया का कोई भी देश जब तकलीफ में होता है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन मिलाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से आगे बढकर भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज लोग नरेंद्र मोदी व राहुल गांधी की तुलना करते है तो राहुल गांधी को कही भी खड़ा नहीं पाते। उन्होंने कहा कि कुछ लोग चुनाव में भाजपा के 400 पार के नारे का यह कहकर दुष्प्रचार कर रहे है कि भाजपा को यदि 400 सीटें मिली तो भाजपा आरक्षण को लेकर संविधान बदल देगी,जबकि सत्य यह है कि यदि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर दोबारा जन्म लेकर भी इस संविधान को बदलना चाहे तो संविधान नहीं बदला जा सकता। भाजपा प्रत्याशी सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि इस संसदीय क्षेत्र में लंबे समय से औद्योगिक विकास की जरूरत है। आज देश में सडकों का जाल बिछ गया है तथा भाजपा के कार्यकाल में यहां पर जमीने सस्ती होने के चलते बड़े उद्योगों को स्थापित किया जाएगा। हरियाणा के वित्त मंत्री जय प्रकाश दलाल ने कहा कि बहल क्षेत्र उनके लोहारू विधानसभा क्षेत्र का हिस्सा है।



भिवानी। आयोजित रैली में पूर्व सीएम मनोहर लाल को सम्मानित करते हुए।

## दर्द की कोख से जन्म लेती है सफलताः कुसुम

■ मेरिट में स्थान बनाने वाली छात्राओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती। यदि उसे उचित मार्गदर्शन व अवसर की प्राप्ति हो तो वह स्वतः ही मुखर हो जाती है। उक्त कहावत को पीएमश्री स्कूल अटेली की ढाई दर्जन छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा की मेरिट सूची में नाम दर्ज करवाकर चरितार्थ किया है। पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अटेली की प्राचार्य एवं प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी कुसुमलता यादव की अध्यक्षता में सोमवार को बारहवीं में मेरिट प्राप्त करने वाली प्रतिभाशाली छात्राओं के सम्मान में अभिनंदन एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन हिंदी प्राध्यापक डॉ. सीएस वर्मा ने किया, जबकि योर सॉल्यूशन प्वाइंट के फाउंडर कर्ण सिंह, एडवोकेट सुरेंद्र सिंह सुरेड़िया, एसएमसी प्रधान कमलेश देवी एवं प्रवक्ता दिनेश रोहिल्ला विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य कुसुमलता ने कहा कि सफलता दर्द की कोख से जन्म लेती है। कठिन परिश्रम व संघर्ष के बिना कोई भी मुकाम हासिल नहीं किया जा सकता। बेहतरीन परीक्षा परिणाम विद्यालय के अध्यापकों के निर्देशन एवं छात्राओं के अनथक परिश्रम का ही प्रतिफल है। 500 में से 483 अंक प्राप्त करने वाली छात्रा प्रीति को विद्यालय का गौरव बताते हुए प्राचार्य ने कहा कि प्रीति ने 96.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम के दौरान 29 प्रतिभाशाली छात्राओं का स्वागत किया।



मंडी अटेली। पीएमश्री स्कूल अटेली में मेरिट छात्राओं का तिलक व फूल मालाओं से सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## अधिकतम मतदान से ही तय होगा राष्ट्र का भविष्यः हरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका गुप्ता के नेतृत्व में स्वीप योजना के अंतर्गत जन सामान्य को मतदान करने के लिए प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से जागरूकता अभियान चलाया गया। ट्रस्ट के सदस्य डा. जितेंद्र भारद्वाज ने बताया कि इसके लिए कनीना नगर पालिका के वाडार्ं में घर-घर जाकर लोगों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान में मुख्य वक्ता के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता हरेंद्र शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि मतदान हमारा ऐसा अधिकार जो हर वर्ग, समाज, गरीब, अमीर सबके लिए समान है। संजय शर्मा ने मतदान के महत्व बताते हुए कहा कि उच्च मतदान लोकतांत्रिक प्रणाली की वैधता व विश्वसनीयता को मजबूत करता है। अतः मतदान को सर्वाधिक



नारनौल। मतदाताओं को प्रशिक्षित करते ट्रस्ट के सदस्य। फोटो : हरिभूमि



## लड़की के जन्म पर कुआं पूजन किया

**मंडी अटेली।** अटेली के वार्ड आठ निवासी एक परिवार ने अपने यहां लड़की जन्म की खुशी के उपलक्ष्य में कुआं पूजन व प्रीतिभोज समारोह का आयोजन किया। इस अवसर क्षेत्र के लोगों ने कार्यक्रम में भाग लेते हुए परिवार के इस प्रयास की सराहना की। अटेली के वार्ड नंबर आठ निवासी रविकांत की पत्नी सिमरन ने कन्या को जन्म दिया। इसकी खुशी में परिवार के लोगों ने लड़को के जन्म पर निभाने जाने वाली परंपरा के तहत लड़की के जन्म पर भी कुआं पूजन तथा प्रीतिभोज आयोजित किया। नवजात कन्या के पिता ने कहा कि आज के समय में बेटियां लड़कों से किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। लड़कियों को भी हमें आगे बढ़ने को प्रेरित करते हुए ऐसे आयोजन करने चाहिए। लड़का-लड़की में कोई भेदभाव नहीं है।

## शराब की 422 अवैध बोतलों के साथ 10 गिरफ्तार

**नारनौल।** जिले में पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के निर्देशानुसार पुलिस की ओर से नशीले पदार्थ बेचने वालों व अवैध शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ स्पेशल अभियान चलाकर पिछले दो सप्ताह में कड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के मार्गदर्शन में पिछले दो सप्ताह में नशीले पदार्थ व अवैध शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ चलाए गए स्पेशल अभियान के तहत नशीले पदार्थ व अवैध शराब बेचने वाले आरोपितों पर पुलिस ने कड़ा प्रहार किया। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत पुलिस के विभिन्न पुलिस थाना, चौकी, सीआईए व स्पेशल स्टॉफ पुलिस टीमों ने अवैध शराब कारोबारियों, नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए आबकारी अधिनियम के तहत 40 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 34 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। जिनसे पुलिस ने अंग्रेजी शराब, देसी शराब व बीयर की करीब 472 बोतल बरामद की। नशीले पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत सात मामले दर्ज किए गए व 10 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया।

## गर्मी में पक्षियों व जीव-जंतुओं को पानी पिलाना पुण्य का कार्यः मुकेश देवी

**महेंद्रगढ़।** बढ़ती गर्मी के चलते राजकीय माध्यमिक विद्यालय धोली में पक्षियों के लिए पानी का उचित प्रबंध किया गया। विद्यालय स्टाफ द्वारा पेड़ों पर पानी के अनेक सकोरे रखे, जिन्हें हर दिन पानी से भरा जाता है। मुख्याध्यापिका मुकेश देवी ने कहा कि भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों और जीव-जंतुओं के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करना हम सब का नैतिक फर्ज है। धर्मार्थ में लोग राहगीरों के लिए गर्मी में पानी की प्याऊ व वाटर कूलर लगाते हैं। पशुओं के लिए खेल व बावड़ियों में पानी का प्रबंध करते है। इसलिए हमें यथासंभव जगह-जगह पर पशु, पक्षियों व जानवरों के लिए पीने के पानी का प्रबंध कर जीवों की रक्षा करनी चाहिए।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

**खुशखबरी** निदेशालय ने जिला शिक्षा अधिकारियों को दिए निर्देश, कॉलम में भरकर देनी होगी जानकारी

## जर्जर राजकीय स्कूलों की होगी मरम्मत, सरकार ने मांगी सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राज्य सरकार की ओर से राजकीय विद्यालयों के जर्जर भवन में बैठकर पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को सतर्कता बरत रहीं हैं। सरकार की ओर से ऐसे विद्यालय बिल्डिंग की सूची मांगी हैं जिनकी समयावधि पूरी हो चुकी हैं। महानिदेशक मौलिक शिक्षा की ओर से प्रदेश जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर जर्जर भवनों की सूची मांगी गई हैं।

बता दें कि सरकार की ओर से की ओर से हर जगह शिक्षा को प्राथमिकता दी जाती है। प्रति वर्ष शिक्षा पर करोड़ो रुपये खर्च किए जाते हैं। वहीं सरकार द्वारा करोड़ों रुपये खर्च करके नए भवन बनाए जाते हैं, लेकिन समय के साथ-साथ कुछ भवनों की समयावधि पूरी हो चुकी हैं। ऐसे में काफी जगह विद्यार्थियों को जर्जर भवन में पढ़ाई करने को मजबूर हैं, लेकिन सरकार बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर नजर आ रही है। सरकार की ओर से जर्जर भवनों की सूची मांगी हैं। सरकार ने महानिदेशक मौलिक शिक्षा के माध्यम से जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को जर्जर भवन की सूची मांगी है।



महेंद्रगढ़। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

### कॉलम में भरकर देनी होगी जानकारीः

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को बीईओ के माध्यम से जर्जर भवन को जानकारी लेनी होगी। यह जानकारी मुख्यालय की ओर से जारी किए गए कॉलम में भरकर देनी होगी। जारी किए गए कॉलम में बीईओ को खंड का नाम, स्कूल का नाम, यूडाइस कोड, अनसेफ स्कूल रूम या बिल्डिंग, भवन निर्माण वर्ष की जानकारी पीडीएफ में भेजनी होगी। साथ इन जर्जर भवन को पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर ध्वस्त कराया जाएगा। वहीं जर्जर भवन को तुड़वाने के लिए क्या प्रगति हो रही है इसकी सूचना भी भेजनी होगी।

### स्कूलों के आदेश किए है जारी

*बीईटो अलका का कहना है कि महानिदेशक की ओर से जर्जर भवन या कमरों की सूचना मांगी गई हैं। जर्जर भवन या कमरों की सूचना तैयार की जा रही है। इसको लेकर सभी प्राचार्यों को आदेश जारी कर दिए गए हैं। सूचना के बाद जितने जर्जर भवन या कमरे होंगे उनको तुड़वाया जाएगा। इसके साथ विभाग के आदेश अनुसार नए भवन के प्रस्ताव बनाएं जाएंगे।*